# पल्स पोलियो अभियान का अतिरिक्त चरण 10 से 12 दसिंबर तक

## चर्चा में क्यों?

20 नवंबर, 2023 को एनएचएम मुख्यालय में राज्य टास्क फोर्स की बैठक में बताया गया कि प्रदेश के 16 ज़िलों में 10 से 12 दसिंबर, 2023 तक पल्स पोलियो अभियान के अतिरिक्त चरण में जीरो से 5 वर्ष आयु के लगभग 37 लाख 50 हज़ार बच्चों को पल्स पोलियो वैक्सीन की खुराक दी जाएगी।

## प्रमुख बिंदु

- अभियान की तैयारियों के सिलसिले में हुई टास्क फोर्स की बैठक में महिला-बाल विकास, स्कूल शिक्षा, नगरीय प्रशासन, वन, पंचायत, आदिम जाति कल्याण, आयुष, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों और डब्ल्यू.एच.ओ., यूनिसेफ, यूएनडीपी और अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
- बैठक में बताया गया कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान में पोलियो के केस मिलने के कारण और साथ ही पोलियो-फ्री स्टेटस को मेंटेन रखने के लिये पल्स पोलियो अभियान का अतिरिक्त चरण किया जा रहा है।
- प्रदेश के भिंड, भोपाल, छिंदवाड़ा, दतिया, ग्वालियर, इंदौर, कटनी, खरगौन, मंदसौर, नरसिंहपुर, नीमच, निवाड़ी, सतना, श्योपुर, टीकमगढ़ और विदिशा ज़िलों में अभियान संचालित होगा।
- इन ज़िलों में पोलियो दवाई पिलाने के लिये स्थानीय बूथ के साथ-साथ माइग्रेटरी पापुलेशन को कवर करने के लिये मोबाइल टीम भी गठित की जाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/additional-phase-of-pulse-polio-campaign-from-10-to-12-december